# बंगाल में टीएमसी से परेशान जनता चाहती है बदलाव : शाह

- नागरिकता सुरक्षित, सीमा सुरक्षा मजबूत करने का वादा
- राज्य 8 लाख करोड़ के कर्ज में डूबा है

**पश्चिम बंगाल, 02 मार्च. पश्चिम बंगाल में आगामी चुनाव से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दक्षिण 24 परगना में जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य की वर्तमान स्थिति और तृणमूल कांग्रेस की नीतियों पर जोरदार हमला किया.**



अमित शाह ने कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति के कारण बंगाल का विकास बाधित हुआ है और राज्य आठ लाख करोड़ रुपये के भारी कर्ज में डूबा हुआ है। वंही बंगाल में महिलाओं के लिए 57 लाख करो? देने की घोषणा की। उन्होंने मदरसों को मिलने वाली आर्थिक मदद पर भी सवाल उठाए और आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राज्य का विकास करने में रुचि नहीं रखतीं, बल्कि सिर्फ अपने भतीजे अभिषेक बनर्जी को मुख्यमंत्री बनाने पर ध्यान केंद्रित करती हैं।

अमित शाह ने भाजपा की 'परिवर्तन यात्रा' का उद्देश्य बंगाल में बदलाव लाना, घुसपैठियों पर नियंत्रण करना और राज्य में नया विकास दौर शुरू करना बताया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की नीतियों और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जमकर हमला बोला। दक्षिण 24 परगना में आयोजित जनसभा में अमित शाह ने कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति ने राज्य के विकास को बाधित किया है। उन्होंने दावा किया कि बंगाल आठ लाख करोड़ रुपये के भारी कर्ज में डूबा हुआ है और टीएमसी सरकार भ्रष्टाचार और परिवारवाद में उलझी हुई है.

शाह ने मदरसों को मिलने वाली आर्थिक मदद पर भी सवाल उठाए और कहा कि राज्य का हिंदू और मुसलमान समाज अब तृणमूल कांग्रेस की सच्चाई को जान चुका है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अगर गलती से फिर टीएमसी सत्ता में आती है, तो वास्तविक सत्ता मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की नहीं, बल्कि उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी की हाथ में होगी.

### अमित शाह की रैली को लेकर भाजपा कोर कमेटी की हुई बैठक

**चंडीगढ़.** पंजाब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की पंजाब रैली की तैयारियों की समीक्षा के लिए पार्टी की कोर कमेटी की बैठक की। बैठक से पहले मीडिया से बात करते हुए श्री जाखड़ ने बताया कि ईरान-इजरायल-अमेरिका संकट के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी ने खाड़ी देशों में फंसे पंजाबियों के लिए एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया है.

# बहन बेटियों की सुरक्षा देंगे : शिवराज

- सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों को जेल भेजेंगे

**कोलकाता, 02 मार्च. केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, कल पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में आयोजित परिवर्तन यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान शिवराज सिंह चौहान ने कार्यक्रम की शुरूआत बच्चियों के पैर पखार कर और उन्हें तिलक लगाकर की.**

वहीं शिवराज सिंह ने संदेशखाली में शेख शाहजहां के अन्याय अत्याचार के खिलाफ आवाज़ उठाने वाली बहनें रेखा और पद्मा को मंच पर सम्मानित किया। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि, हम बहन-बेटियों की पूजा करते हैं, उनके पैर पखारते हैं लेकिन जब बंगाल की इस धरती पर आता हूँ, तो मन दु:ख-दर्द, और पीड़ा से भर जाता है.




# बेटे ने अपने मां-बाप समेत कई लोगों की ली जान

- उप्र में बेटे ने मां-बाप, बहन और दादी को कुल्हाड़ी से काटा

**बहराइच, 02 मार्च। जिले में होली से पहले खूनी होली खेली गई। पिता द्वारा बेची गई जमीन व गहने के पैसे न मिलने से नाराज बेटे ने अपने मां-बाप, दादी व बहन की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी.**

सो रहे अन्य परिवारजन शोर शराबा सुनकर घर के आंगन में पहुंचे तो देखा कि चार लाशें खून से लथपथ पड़ी है। चारों ओर से घिरा देख आरोपी खुद पर भी ईट से हमला कर जान देने की कोशिश की। गंभीर हालत में उसे बहराइच से लखनऊ के ट्रामा सेंटर को रेफर किया गया है घटनास्थल का एसपी ने निरीक्षण किया।

### यह है मामला

दरअसल, रुपईडीहा इलाके के बसंतपुर रुदल में रात करीब 12-30 बजे जब पूरा गांव गहरी नींद में था। बदलूराम का बेटा निरंकार पिता द्वारा बेची गई जमीन व गहने का पैसा न देने की बात को लेकर विवाद कर रहा था। बात इतनी बढ़ गई कि निरंकार अपना आपा खो बैठा और पास में रखी कुल्हाड़ी से पिता पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया। बदलूराम को बचाने दौड़े उसकी पत्नी संजू देवी, बेटी पार्वती व 80 वर्षीय मां सिताला को भी कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दिया.

### आज का इतिहास

1575-मुगल बादशाह अकबर ने तुकारोई की लड़ाई में बंगाली सेना को हराया था।
1707-भारत के मुग़ल बादशाह औरंगजेब का निधन।
1839-भारतीय उद्योगपति जमशेद जी टाटा का जन्म।
1939-महात्मा गाँधी, भारत के मुंबई शहर में निरंकुश शासन के विरोध में तेजी लाये।
1955-प्रसिद्ध हास्य अभिनेता जसपाल भट्टी का जन्म।
1971-भारत-पाकिस्तान युद्ध की शुरुआत हुई।
1976-परमवीर चक्र से सम्मानित भारतीय सैनिक राइफ़लमैन संजय कुमार का जन्म.

### प्लांट से ओलियम गैस का रिसाव

**पालघर, 02 मार्च.** महाराष्ट्र के पालघर जिले में स्थित एक केमिकल प्लांट से ओलियम गैस के रिसाव की घटना सामने आई है. अधिकारियों ने बताया कि सूचना मिलते ही संबंधित एजेंसियां और आपातकालीन टीमें मौके पर पहुंच गईं. फिलहाल स्थिति पर नजर रखी जा रही है और रिसाव को नियंत्रित करने के प्रयास जारी हैं. एहतियात के तौर पर आसपास के इलाके से करीब 2600 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया है. घटना में किसी के हताहत होने की अब तक जानकारी नहीं मिली है.

# उड़ान में सोता पाया गया पायलट : जय पवार

**मुंबई, 2 मार्च. महाराष्ट्र की राजनीति और विमानन जगत में उस समय हलचल मच गई जब जय पवार ने सोशल मीडिया पर एक ऐसा वीडियो साझा किया, जिसने उड़ान सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए.**

यह वीडियो कथित तौर पर वीएसआर वेंचर्स के मालिक और मुख्य पायलट रोहित सिंह को उड़ान के दौरान पायलट सीट पर सोते हुए दिखाता है। इस खुलासे के बाद जय पवार ने कंपनी की सभी उड़ानों को तुरंत रोकने की मांग की है। अजित पवार की 28 जनवरी 2026 को हुए 45 विमान हादसे में मृत्यु के बाद से ही वीएसआर वेंचर्स जांच के घेरे में है। विशेष सुरक्षा ऑडिट में कई नियमों के उल्लंघन की बात सामने आई थी.



जिसके बाद डीजीसीए ने चार विमानों को ग्राउंड कर दिया था। अब इस नए वीडियो ने मामले को और गंभीर बना दिया है। जय पवार ने कहा कि यह सिर्फ उनके पिता की बात नहीं है, बल्कि हर उस यात्री की सुरक्षा का सवाल है जो इन उड़ानों पर भरोसा करता है। जय पवार ने अपने पोस्ट में लिखा, मैंने अपने पिता को खो दिया हैज यह पीड़ा जिंदगी भर मेरे साथ रहेगी। लेकिन मैं नहीं चाहता कि किसी और परिवार को यह दर्द झेलना पड़े। उन्होंने डीजीसीए से तत्काल जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है। विमानन विशेषज्ञों का मानना है कि यदि उड़ान के दौरान पायलट की लापरवाही साबित होती है तो यह बेहद गंभीर मामला है.

### वैज्ञानिकों ने जीवाणु जीन विनियमन की नई प्रकियाओं का पता लगाया

**नयी दिल्ली.** विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के एक स्वायत्त संस्थान, बोस इंस्टीट्यूट और रटगर्स विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने एक नये अध्ययन की सहायता से जीवाणु जीन विनियमन के प्रचलित मॉडल से अलग हटकर जीवाणु जीन विनियमन और इसके विकास को समझने के लिए नयी प्रकियाओं का पता लगाया है। इससे संक्रमण तंत्र को अवरुद्ध करने वाले बेहतर एंटीबायोटिक्स या नियामक अवरोधकों की रूपरेखा तैयार करने में सहायता मिल सकती है। यह शोध कुशलतापूर्वक जैव ईंधन, जैव अपघटनीय प्लास्टिक या चिकित्सीय यौगिकों का उत्पादन करने वाले सूक्ष्मजीवों को तैयार करने में मददगार हो सकता है.

# इजराइल-ईरान युद्ध से एशिया में तनाव चरम पर

## दोबारा धमाकों के बीच एयर डिफेंस सिस्टम ने कई ड्रोन और मिसाइलें रोक ली

**तेल अवीव, , 02 मार्च. और तेहरान में इजराइल-अमेरिका और ईरान के बीच जारी संघर्ष तीसरे दिन भी जारी है, जिससे पूरे क्षेत्र में जियोपॉलिटिकल तनाव बढ़ गया है। कुवैत में अमेरिकी फाइटर जेट क्रैश होने और दुबई में दोबारा धमाकों की खबरों के बीच एयर डिफेंस सिस्टम ने कई ड्रोन और मिसाइलें रोक ली हैं.**

ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी ने अमेरिका के साथ मिलकर अपने हितों और सहयोगियों की सुरक्षा की घोषणा की है, जबकि संयुक्त अरब अमीरात और जॉर्डन ने ईरान के राजदूतों को तलब कर कड़ा विरोध दर्ज कराया। भारत के पास इस संकट से निपटने के लिए पर्याप्त रणनीतिक तेल और गैस स्टॉक उपलब्ध हैं, जिससे शॉर्ट-टर्म सप्लाई रुकावट का खतरा नहीं है।

हालांकि लंबे समय तक तनाव बढ़ने पर अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार में कीमतों में वृद्धि हो सकती है। वहीं, श्रीनगर और जम्मू-कश्मीर के कई जिलों में हालात कर्फ्यू जैसे बन गए हैं। होर्मुज स्ट्रेट के आसपास उड़ानें रद्द हो रही हैं, एयर इंडिया, इंडिगो, अकासा और स्पाइसजेट समेत कई एयरलाइंस ने अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का निलंबन बढ़ा दिया है ईरान पर इजरायल-अमेरिका की स्ट्राइक के बाद पश्चिम एशिया में जियोपॉलिटिकल टेंशन बढ़ गया है। खासकर होर्मुज स्ट्रेट के आसपास माहौल ज्यादा तनावपूर्ण है। ऐसे में माना जा रहा है कि भारत इस संकट से निपटने के लिए तैयार है। भारत सरकार के पास स्ट्रैटेजिक रिजर्व और सप्लाई विभिन्न विकल्प हैं। इसकी वजह से तुरंत एनर्जी सप्लाई में कोई संकट आने का खतरा नहीं है। हालांकि, स्थिति लंबे समय तक खिंचती है तो मुश्किलें बढ़ सकती हैं। इसकी वजह इंटरनेशनल मार्केट में तेल की कीमतों में बढ़ोतरी होगी। सरकारी अधिकारियों का कहना है कि भारत के पास अभी शॉर्ट-टर्म रुकावटों को मैनेज करने के लिए काफी बफर स्टॉक हैं। स्ट्रैटेजिक रिजर्व लगभग 15 दिनों तक एलपीजी और एलएनजी की डिमांड को सपोर्ट कर सकते हैं। सप्लाई में रुकावट की स्थिति में कच्चे तेल के रिजर्व के 45 दिनों तक चलने का अनुमान है। होर्मुज स्ट्रेट को लेकर दुनिया भर में चिंताएं बढ़ रही हैं.



### श्रीनगर के कई जिलों में कर्फ्यू जैसे हालात

**श्रीनगर 02 मार्च.** खामेनेई की मौत के विरोध शिया समुदाय देश के कई शहरों में विरोध प्रदर्शन कर रहा है। जम्मू-कश्मीर के कई जिलों में आज कर्फ्यू जैसे हालात हैं। श्रीनगर के लालचौक पर बैरिकेडिंग की गई है। एक्स्ट्रा फोर्स भी तैनात किया गया है। एहतियात के टूर पर इंटरनेट बंद कर दिया गया है। इधर दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर फ्लाइट ऑपरेशन बुरी तरह प्रभावित हुआ है, जिसके चलते पैसेंजर फंसे हुए हैं। पैसेंजर्स का कहना है कि मिडिल ईस्ट जाने वाली सभी फ्लाइट्स कैंसिल हो रही हैं। रमजान के दौरान मक्का और मदीना की यात्रा करना मुश्किल हो गया है।

### पश्चिम एशिया की उड़ानों का संकट जारी

**नई दिल्ली.** ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल की सैन्य कार्रवाई से उपजे पश्चिम एशिया संकट के बीच सोमवार को भी बड़ी संख्या में वहां जाने वाली और वहां से गुजरने वाली उड़ानें रद्द रहीं। इंडिगो की आज 162 उड़ानें रद्द हैं। उसने मंगलवार को भी 47 उड़ानें रद्द करने की घोषणा की है। एयरलाइंस ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर एक पोस्ट में बताया कि मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों के होकर गुजरने वाली चुनिंदा अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों का अस्थायी निलंबन बढ़ा दिया गया है। साथ ही, अब 07 मार्च तक की यात्रा के लिए बिना शुल्क टिकट रद्द कराने या तारीख में बदलाव का विकल्प दिया जा रहा है। पहले 05 मार्च तक की यात्रा के लिए यह विकल्प दिया गया था। यह 28 फरवरी से पहले बुक कराये गये टिकटों पर लागू होगा। अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर देश की सबसे बड़ी विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने भी 28 फरवरी या उससे पहले बुक कराये गये 5 मार्च तक की यात्रा के टिकट रद्द कराने या यात्रा की तारीख में बदलाव पर कोई शुल्क न लेने की घोषणा की है.


### वैश्विक परिदृश्य में भारत का एक महत्वपूर्ण स्थान : प्रधान

**नई दिल्ली, 02 मार्च. शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि भारत का वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण स्थान बना हुआ है जो सीखने, अनुसंधान करने, नवाचार करने और उसे लागू करने के लिये अपार अवसर प्रदान करता है.**

प्रधान ने सोमवार को आयोजित %स्टडी इन इंडिया एडु-डिप्लोमैटिक कॉन्क्लेव 2026 को संबोधित किया। इस सम्मेलन में उच्च शिक्षा में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने पर विचार-विमर्श करने के लिए 50 से अधिक



देशों के राजदूत, उच्चायुक्त, राजनयिक मिशनों के प्रतिनिधि और मंत्रालय के अधिकारी एकत्रित हुए। इस दौरान श्री प्रधान ने राष्टीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत भारत की शिक्षा प्रणाली में हुए बदलावों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने की परिकल्पना की है, जो स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगांठ का प्रतीक होगा.



### 6 वर्ष की बच्ची का कटा हुआ हाथ दोबारा जोड़ा

**पटना.** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान(एम्स), पटना के चिकित्सकों ने आधुनिक माइक्रोसर्जरी के करिश्मे का प्रदर्शन करते हुए एक छह वर्ष की बच्ची का लगभग पूरी तरह कटा हुआ दाहिना हाथ सफलतापूर्वक पुनः प्रत्यारोपित (री-इम्प्लांट) कर दिया है । प्लास्टिक सर्जरी विभाग की प्रमुख डॉ. वीना सिंह ने सोमवार को यहां बताया कि वैशाली जिले की छह वर्षीय लक्ष्मी कुमारी का हाथ शनिवार दोपहर करीब 2-00 बजे चारा काटने की मशीन से लगभग पूरी तरह कट गया था.

स्थानीय चिकित्सकों के रेफर करने के बाद बच्ची को संध्या करीब 7-30 बजे 'एम्स' पटना के इमरजेंसी विभाग लाया गया। डॉ. सिंह ने बताया कि बच्ची के अस्पताल में आने के फौरन बाद प्लास्टिक सर्जरी और एनेस्थीसिया (निश्चेतना) टीम को सक्रिय किया गया, जबकि ऑर्थोपेडिक्स विभाग को तैयार रहने के लिए कहा गया। पूरी मुस्तैदी के साथ 30 मिनट के भीतर बच्ची को ऑपरेशन थियेटर में शिफ्ट कर दिया गया। उन्होंने बताया कि माइक्रोसर्जरी प्रक्रिया रात करीब 8-00 बजे शुरू हुई और लगभग छह घंटे तक चली। सर्जनों ने नसों, धमनियों, टेंडन (स्नायु) और अन्य नाजुक संरचनाओं की बारीकी से मरम्मत कर रक्त संचार और हाथ की जीवंतता को बहाल किया और ऑपरेशन तड़के लगभग 2-00 बजे सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।


**मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल**
R-23, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल
Website : https://labour.mp.gov.in/Default.aspx
फोन : 0755-2552663, फैक्स: 0755-2552662
ई-मेल: bocboard@mp.gov.in

**अधिवक्ताओं/कानून विशेषज्ञों का पैनल गठित किये जाने के संबंध में सूचना**

श्रम विभाग, म.प्र. शासन अंतर्गत गठित मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा अनुभवी अधिवक्ताओं/कानून विशेषज्ञों का पैनल गठित किये जाने हेतु पात्र अधिवक्ताओं से **दिनांक 16.03.2026 को सायं 5:00 बजे तक** आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। अधिवक्ताओं हेतु पात्रता की शर्तें एवं अन्य विस्तृत विवरण मंडल की वेबसाइट **www.labour.mp.gov.in** पर 'Circular' सेक्शन में उपलब्ध है।

म.प्र. माध्यम/124726/2026 सचिव

**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
Office of The Dy. General Manager (Vig.) City Division
Roshnighar, Inderganj, Gwalior-474009
Phone : 0751-2448207, 0751-2448276, E-mail : secitygwalior1@gmail.com
GM/CC/GWL/PUR/25-26/6237 Gwalior, Dated : 02.03.2026

**TENDER NOTICE**

MPMKVVCL hereby invites e-tenders for hiring the below mentioned type of vehicles in the following locations :-

| Name of Unit/Office | Particulars | Tender Fee (In Rs.) | EMD (In Rs.) | Date & Time of Opening of Bids Online |
|---|---|---|---|---|
| Office of The Dy. General Manager (Vig-City) Gwalior | Type E, Air-conditioned Jeep Category MUV with min. engine capacity 1450 CC (for Petrol/ Diesel) with Airbags and ABS. | 500/- + GST @ 18% Extra | 3000/- | 10.03.2026 at 15:00 Hrs. |

Other details, terms and conditions are available on company website : **https://portal.mpcz.in** & **https://mptenders.gov.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/124736/2026 **DGM (VIG.)**

**जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर**
क्रमांक/एफ./जे.यू./स्टोर/2026/906 दिनांक : 28.02.2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

जीवाजी विश्वविद्यालय में उपकरण/सामग्री क्रय करने हेतु अधिकृत विक्रेता अथवा निर्माता से **https://mptenders.gov.in** पर ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. | टेण्डर आई.डी. क्रमांक | उपकरण/सामग्री | निविदा की अनुमानित लागत | ऑनलाइन धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र की कीमत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_JIWAJ_486465_1 | स्टेशनरी क्रय | 25,00,000/- | 75,000/- | 5,000/- |
| 2. | 2026_JIWAJ_486466_1 | सफाई सामग्री क्रय | 10,00,000/- | 30,000/- | 2,000/- |
| 3. | 2026_JIWAJ_486467_1 | लाइट कार्य | 20,00,000/- | 60,000/- | 2,000/- |
| 4. | 2026_JIWAJ_486468_1 | केटरिंग सेवायें | 80,00,000/- | 2,40,000/- | 10,000/- |
| 5. | 2026_JIWAJ_486469_1 | सामान्य मुद्रण कार्य (मय कागज सहित) | 20,00,000/- | 60,000/- | 2,000/- |
| 6. | 2026_JIWAJ_486470_1 | टेन्ट एवं डेकोरेशन कार्य | 40,00,000/- | 1,20,000/- | 5,000/- |
| 7. | 2026_JIWAJ_486471_1 | बाइंडिंग कार्य | 15,00,000/- | 45,000/- | 2,000/- |
| 8. | 2026_JIWAJ_486472_1 | रसायन, ग्लासवेयर, प्लास्टिक वेयर एवं अन्य क्लास वर्क मटेरियल | 50,00,000/- | 1,50,000/- | 5,000/- |

निविदा प्रपत्र एवं निविदा की समस्त शर्तों का अवलोकन विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.jiwaji.edu** पर भी किया जा सकता है।

1. ऑनलाइन निविदा क्रय करने की प्रारम्भ **दिनांक 06.03.2026 11:00 AM तक**
2. ऑनलाइन निविदा क्रय करने एवं जमा करने की **अंतिम दिनांक 26.03.2026 5:00 PM तक**
3. ऑनलाइन टेन्डर (प्राइज बिड) खोलने की **दिनांक 30.03.2026 11:00 AM तक**
4. निविदा की शेष तिथियां सम्पूर्ण जानकारी, शर्तें एवं समस्त संशोधन केवल उपरोक्त दर्शाई गई वेबसाइट पर देखी जा सकती हैं इस हेतु अलग से कोई विज्ञापन/समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जायेगा।
5. कार्य/सामग्री की मात्रा कम/ज्यादा भी हो सकती है।
6. निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्तीकरण या संशोधन के अधिकार कुलसचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर के पास रहेंगे।

म.प्र. माध्यम/124712/2026 कुलसचिव


**शुभारंभ** | राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि महिलाएं समाज का अहम हिस्सा हैं

# महिलाएं हर क्षेत्र में नई ऊंचाईयों को छू रही : मुर्मु

**नई दिल्ली, 02 मार्च. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि महिलाएं समाज का अहम हिस्सा हैं और वे राजनीति, समाज सेवा, प्रशासन तथा व्यापार जगत समेत सभी क्षेत्रों में नई ऊंचाईयों को छू रही है.**



राष्टपति द्रौपदी मुर्मु और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को यहां %सशक्त नारी समृद्ध दिल्ली के दिल्ली सरकार की महिलाओं से संबंधित चार योजनाओं का शुभारंभ करने के बाद कहा कि आज यहां कहा कि महिलाएं समाज का अहम हिस्सा हैं। उनका सम्मान, सशक्तीकरण सभ्य समाज की निशानी है। भारत का इतिहास महिलाओं की साहस, वीरता और त्याग और बलिदान की अनगिनत कथाओं से भरा हुआ है। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के कुशल प्रशासन, न्याय परायणता एवं कल्याणकारी कार्यों का आज भी गुणगान किया जाता है। रानी लक्ष्मीबाई का साहस, मातृभूमि के लिए उनका बलिदान आज भी हम सभी देशवासियों के हृदय में प्रेरणा के दीप जलाते हैं। सावित्री बाई फुले ने महिला शिक्षा की ज्योति जगायी थी।

रानी गाइदिन्ल्यू और सरोजनी नायडू जैसी महिला स्वाधीनता सेनानियों ने भारत माता का गौरव बढाया है।

उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ रही है। सैनिक के रूप में देश की सीमाओं की सेवा कर रही है। वैज्ञानिक के रुप में प्रयोगशालाओं में शोध कर रही है। खेल प्रतिस्पर्धा में अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का तिरंगा लहरा रही है। राजनीति, समाज सेवा तथा प्रशासन तथा व्यापार जगत समेत सभी क्षेत्रों में महिलाएं नई उंचाई को छू रही है।

उन्होंने कहा कि देश भर के दीक्षांत समारोहों में उपाधि और पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में बेटियों की बढती संख्या हमारे लिए प्रेरणा दायक दृश्य प्रस्तुत करते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि इन सबके बावजूद यह भी एक सच्चाई है कि महिलाएं आज भी हिंसा, आर्थिक असमानता और सामाजिक रुढियां और स्वास्थ्य संबधी उपेक्षाओं का सामना कर रही है.